प्रादेशिक समाचार

08.10.2023 (संध्या–1900 बजे)

मुख्य समाचार

1. केंद्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा ने कहा, परंपरा और आचरण से होती है जनजातियों की पहचान, झारखंड समेत देश भर की सात सौ जनजातियों के मुद्दों पर होनी चाहिए बात।

2. राज्य में बन रही विद्युत् उत्पादन की दो इकाइयों से अगले वर्ष शुरू होगा उत्पादन, बिजली के मामले में आत्मनिर्भर होगा झारखण्ड।

3. चीन में हांगचोओ एशियाई खेलों का समापन, हॉकी टीम के गोलकीपर पी. आर. श्रीजेश रहे भारतीय दल के ध्वजवाहक, जापान में 2026 में होगा अगला खेल।

4. वायु सेना ने अपनी 91वीं वर्षगांठ पर अपने नए ध्वज का किया अनावरण, राष्ट्रपति, उपराष्ट्रपति और प्रधानमंत्री ने दी शुभकामनाएं।

5. चेन्नई में खेले जा रहे वर्ल्ड कप क्रिकेट मुकाबले में पहले बल्लेबाजी करते हुए आस्ट्रेलिया ने भारत को जीत के लिए दिया 200 रनों का लक्ष्य, भारत की खराब शुरूआत।

*******************

जनजातीय मामलों के केंद्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा ने कहा है कि सिर्फ सरना धर्म कोड पर बात नहीं होनी चाहिए बल्कि देश भर में सात सौ जनजातियां हैं और उनसभी के मुद्दों पर बातचीत होनी चाहिए। श्री मुंडा ने कहा कि जनजातियों की पहचान सिर्फ धर्म से नहीं बल्कि उनकी परंपरा और उनके आचरण से होती है। श्री मुंडा रांची में पत्रकारों से बातचीत कर रहे थे।

*******************

राज्य में बन रही बिजली उत्पादन की दो इकाइयों से अगले वर्ष बिजली उत्पादन शुरू हो जाएगा, जिससे झारखण्ड बिजली के क्षेत्र में आत्मनिर्भर बन जाएगा। झारखंड बिजली वितरण निगम लिमिटेड के परियोजना निदेशक के. के. वर्मा ने बताया कि अगले पांच वर्षों में राज्य में बिजली की मांग 2500 से बढ़कर 3500 मेगावाट तक हो जाने की उम्मीद है। ऐसे स्थिति में नॉर्थ कर्णपुरा और पतरातू में बन रहे पॉवर प्लांट से बिजली मिलने के साथ ही राज्य की जरूरत न सिर्फ पूरी होगी बल्कि सरप्लस बिजली को बेच कर मुनाफा भी कमाया जा सकेगा।

*******************

चीन में हांगचोओ एशियाई खेलों का आज समापन हो गया। समापन समारोह आज शाम साढ़े पांच बजे से शुरू हुआ। हॉकी टीम के गोलकीपर पी. आर. श्रीजेश भारतीय दल के ध्वजवाहक बने। अगले एशियाई खेलों का आयोजन वर्ष दो हजार छब्बीस में जापान में होगा। इन खेलों में भारत 28 स्वर्ण, 38 रजत और 41 कांस्य सहित कुल 107 पदक जीतकर चौथे स्थान पर रहा।

*******************

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू, उप–राष्ट्रपति जगदीप धनखड़ और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने वायुसेना दिवस पर वायुसेना कर्मियों और उनके परिवारों को बधाई दी है। राष्ट्रपति ने सोशल मीडिया पर एक पोस्ट में कहा कि वायुसेना नई ऊंचाइयों को छू रही है। उन्होंने कहा कि हमारी वायुसेना चुनौतियों का मुक़ाबला करने के लिए हमेशा तैयार रहती है और देश को इस पर गर्व है।

*******************

चेन्नई में खेले जा रहे वर्ल्ड कप क्रिकेट के पांचवे मुकाबले में पहले बल्लेबाजी करते हुए आस्ट्रेलियाई टीम ने भारत को जीत के लिए 200 रनों का लक्ष्य दिया है। टॉस जीत कर पहले बल्लेबाजी करने उतरी ऑस्ट्रेलिया की शुरुआत अच्छी नहीं रही। भारत की ओर से रविंद्र जाडेजा ने तीन, जसप्रीत बुमराह और कुलदीप यादव ने दो—दो विकेट लिए।

वहीं जीत के लक्ष्यों के साथ उतरी भारतीय टीम के तीन विकेट, तीन ओवर के भीतर ही गिर गए हैं।

*******************

थाईलैंड में पिछले दिनों अंतरराष्ट्रीय कराटे प्रतियोगिता में देश के लिए पदक जीतने वाली खिलाड़ी एलिसन रुपल खाखा को आज रांची में सम्मानित किया गया। कराटे प्रशिक्षण की एक शाखा के उद्घाटन अवसर पर रांची के पूर्व उपमहापौर अजय नाथ शाहदेव ने उन्हें सम्मानित किया।

*******************

सरायकेला खरसावां जिले के आकांक्षी प्रखंड के रूप में चयनित सरायकेला, गम्हरिया और कुकरू के सभी पंचायतों में आज समृद्धि दिवस का आयोजन किया गया। इस दौरान आजीविका समूह की दीदियों के द्वारा उनके उत्पाद और किए जा रहे व्यवसाय से संबंधित प्रदर्शनी भी लगायी गयी।

*******************

हजारीबाग पैक्सों को लाइव करने वाला राज्य का प्रथम जिला बन गया है। राष्ट्रीय कृषि और ग्रामीण विकास बैंक, नाबार्ड की ओर से पैक्स कम्प्यूटराइजेशन योजना के तहत आयोजित कार्यशाला में 40 पैक्सों को डिजिटलाइजेशन का प्रशिक्षण दिया गया। इस कड़ी में हजारीबाग के 37 पैक्स का डिजिटाइजेशन कार्य पूरा हो चुका है।

*******************

पलामू जिले में मिशन इंद्रधनुष के अन्तर्गत कल से 14 अक्टूबर तक विभिन्न बीमारियों के लिए टीकाकरण अभियान शुरू किया जाएगा।

*******************

दुमका जिले के मसलिया थाना क्षेत्र स्थित हाड़ोरायडीह में आज दोपहर तेज रफ्तार में जा रहे एक ट्रक ने दो बच्चों को रौंद दिया, जिससे दोनों की घटनास्थल पर ही मौत हो गयी। पुलिस ने बताया कि ट्रक पर एस्बेस्ट्स लोड था और ट्रक दुमका की ओर से आ रहा था। ट्रक का चालक शराब के नशे में पाया गया।

*******************

विश्व हिंदू परिषद की युवा इकाई बजरंग दल ने आज शौर्य जागरण यात्रा निकाली और धर्मसभा का आयोजन किया। इस दौरान रांची में सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए गए थे। विभिन्न चौक—चौराहों पर पुलिस बल तैनात रहे। बजरंग दल से जुड़े लोगों ने विभिन्न चौक—चौराहों से मोटरसाईकल सहित अन्य वाहनों से केसरिया झंडा लेकर धर्म सभा में भाग लिया।

इधर डोरंडा स्थित रिसालदार बाबा के दो सौ सोलहवें सालाना उर्स पर आज बिहार मिलिट्रि पुलिस और झारखंड सशस्त्र बल की ओर से बाबा के मजार पर चादरपोशी की गयी।

*******************

जिला विधिक सेवा प्राधिकर, डालसा के सचिव मनोरंजन कुमार ने कहा है कि बच्चों को शिक्षा और स्वास्थ्य लाभ से जोड़ना बेहद जरूरी है। श्री कुमार आज खूंटी जिले के मुरहू स्थित कस्तूरबा आवासीय बालिका विद्यालय आयोजित विधिक जागरूकता शिविर में बोल रहे थे। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि यह शिविर 25 दिसंबर तक लगातार चलेगा, जिसके तहत ग्रामीण इलाकों में रहनेवाले बच्चे और उनके अभिभावकों को जागरूक करने की कोशिश की जाएगी।

*******************

धनबाद के जोगता 11 नंबर बस्ती में आज सुबह जोरदार आवाज के साथ करीब एक सौ फीट की परिधि में जमीन धंस गई। घटना के बाद यहां करीब बीस फीट गहरा गोफ बन गया है। हादसे में तीन घर जमींदोज हो गए। हालांकि, किसी की जान नहीं गयी है। हादसे के बाद आक्रोशित ग्रामीणों ने आउटसोर्सिंग का परिवहन कार्य बाधित कर दिया। घटनास्थल पर अभी भी धुआं और गैस का रिसाव जारी है। गोफ बनने के बाद पूरे इलाके में दहशत है।

********************

झारखंड हाई कोर्ट के आदेश पर राज्य के नौ सेवानिवृत लिपिकों की सेवा नियमित करने का फैसला लिया गया है। इन सभी को अनुमान्य वित्तीय लाभ भी दिया जायेगा।

राज्य सरकार ने इस प्रस्ताव पर स्वीकृति प्रदान कर दी है। ये सभी लिपिक विभिन्न विभागों से सेवानिवृत हुए थे, लेकिन इनका समायोजन नहीं हुआ था। इन सभी ने दस वर्षों से अधिक सेवा की थी, जिसके बाद सेवानिवृत हो गए थे।

*********समाप्त*********